# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

**माह : नवम्बर 2025**



संकलन - मिशन शिक्षण संवाद बाल साहित्य सृजन टीम




# बाल साहित्य सृजन

## 1 जयपुर



जयपुर है भारत की शान,
राजसी वैभव में डूबी है आन।
हवा महल से झांकती है हवा,
गुलाबी शहर है इसकी पहचान।।

नाहरगढ़ की चोटी से नजर डालो,
शहर की चमक को दिल मे बसा लो।
पुष्कर में है ब्रम्हा जी का मंदिर,
जयपुर से निकट की यात्रा है सुन्दर।।



रचना-
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी(1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात

## 2 दिल्ली



दिल्ली की गलियों की,
शान बहुत निराली है।
दिल्ली के धरा–धाम पर,
इतिहास की बसती लाली है।।

लाल किले पर शौर्य की गाथा,
पावन तिरंगा हर क्षण है गाता।
दिल्ली की धड़कन में हर क्षण,
हिंदुस्तान की अमर कहानी है।।



रचना-
सुषमा त्रिपाठी (स0अ0)
उ0 प्रा0 वि0 रुद्रपुर खजनी
गोरखपुर, खजनी

## 3 दार्जिलिंग



पश्चिम बंगाल राज्य का,
एक सुन्दर पर्वतीय नगर।
प्रसिद्ध है प्राकृतिक सुन्दरता,
स्थित है हिमालय श्रेणी पर।।

टाइगर हिल,,कंचनजंगा,
चाय बागान, टाय ट्रेन, रेलवे।
बौद्ध धर्म का है प्रभाव यहां,
नेपाली,बंगाली,हिन्दी बोलते।।



रचना-
सुमन पाण्डेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

## 4 आगरा



उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध शहर,
नाम है जिसका अब आगरा।
1504 में लोदी ने इसे बसाया,
यमुना नदी के किनारे आगरा।।

ताजमहल है शान इसकी,
पंछी पेठा है पहचान जिसकी।
राजधानी बनाया था लोदी ने,
शासन किया बहुत मुगलों ने।।




रचना-
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० अमौली (1-8)
अमौली, फतेहपुर

# बाल साहित्य सृजन

1

## लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजधानी,
लखनऊ कहलाती है।
नवाबों का यह शहर,
चिकनकारी बहुत भाती है।।

इमामबाड़ा है लखनऊ में,
गोमती नदी बहती है।
प्रसिद्ध बड़े आम यहाँ के,
भाषा में मिठास रहती है।।



रचना-
शालिनी (स०अ०)
प्रा० वि० कूँड़
करहल, मैनपुरी

2

## इलाहाबाद




इलाहाबाद है संगम नगरी,
पं० नेहरू का जन्म स्थान यहाँ।
अमिताभ बच्चन, महादेवी वर्मा,
ध्यानचंद, धर्मवीर भारती यहाँ।।

ऋषि भारद्वाज की तपस्थली,
कुम्भ मेला लगता यहाँ।
उच्च न्यायालय, अल्फ्रेड पार्क,
हुए आजाद शहीद जहाँ।।



रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ

3

## आगरा



उत्तर प्रदेश का प्रमुख शहर,
जिसकी अलग कहानी है।
ताज महल के लिए प्रसिद्ध,
यह प्रेम की अमर निशानी है।।

मुगलों की राजधानी रहा यह,
इतिहास पुराना इसका है।
पेठा और दाल मोंठ हैं मशहूर,
स्वाद निराला जिसका है।।



रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा

4

## दिल्ली



मुझे बहुत प्यारी है दिल्ली,
हमारे देश की शान दिल्ली।
भारत की राजधानी दिल्ली,
देश प्रेमियों की जान है दिल्ली।।

चिड़ियाघर, लाल किला,
अमृत उद्यान इसकी आन।
संसद भवन, कुतुब मीनार,
प्रगति मैदान दिल्ली की शान।।



रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत





04.11.2025 मंगलवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### आदि शंकराचार्य मन्दिर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में,
जबरवान पर्वत पर स्थित है।
'आदि शंकराचार्य' मन्दिर,
भगवान शिव को समर्पित है।।



भारत के प्राचीन मन्दिरों में,
प्रसिद्ध वास्तु-कला का मन्दिर।
ऊँचा, अद्भुत पत्थर का भवन,
सीढ़ियों से पहुँचते हैं मन्दिर।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 2

### वैष्णो माता

जय-जय जय वैष्णो माता,
जो भी प्राणी तुमको ध्याता।
उसकी सदा साधना पूरी,
रहती इच्छा नहीं अधूरी।।



तुमसे सुख पाते हैं सब प्राणी,
जय हो जय मैय्या कल्याणी।
माँ-बेटी सा तुमसे नाता,
जय-जय जय वैष्णो माता।।

रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



## 3

### हजरतबल मस्जिद

यह काश्मीर के श्रीनगर में,
स्थापित है डल-झील किनारे।
मुस्लिम लोंगो का धर्म-स्थल,
पवित्र मानते मुस्लिम सारे।।



मोहम्मद साहब के अवशेष इसमें,
सफेद संगमरमर से बनी हुयी।
काश्मीर की गुम्बददार मस्जिद,
मुगल, काश्मीरी-शैली से सजी हुयी।।

रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 4

### खीर-भवानी मन्दिर

खीर-भवानी की पूजा,
कश्मीरी हिन्दू करते हैं।
कुण्ड के जल की मान्यता है,
रंग बदले तो विपदा समझते हैं।।



बसन्त-ऋतु में कुण्ड में,
दूध चढ़ाते जिससे खीर बनती।
प्रसाद बँटे खीर का दर्शन करो,
भारतीय फौज पूजा करती।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · **मिशन शिक्षण संवाद** · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·




5/11/2025 बुधवार



# बाल साहित्य सृजन

## 1



### हुदहुद


काले-काले पंख इसके होते,
मोटी धारियां जिस पर होती।
हुदहुद पक्षी इसको पुकारते,
रंग-बिरंगा शरीर इसका होता।।

लम्बी चोंच इसकी होती,
जिससे कीड़े यह निकालता।
सर पर इसके कलगी होती,
देखने में सुन्दर खूब लगता।।



इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर

## 2



### नीलकंठ पक्षी

नीलकंठ पक्षी सुंदर होता,
भारतीय किसान का मित्र होता।
हानिकारक कीड़ों को खाता,
घर में आना शुभ होता।।

शिव भगवान का प्रतीक होता,
वाहन भी शिव का होता।
आकर्षक उड़ान है भरता,
भारतीय रोलर है कहलाता।।



माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ

## 3



### चकोर

तीतर जैसा यह दिखता,
पहाड़ी इलाकों में रहता।
तेज चाल से यह चलता,
चक-चक जैसी आवाज करता।।

प्रेम व निष्ठा का प्रतीक होता,
कीटों को अपना भोजन बनाता।
फुर्तीले पक्षियों में यह आता,
दौड़ने के संग उड़ भी सकता।।



आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात

## 4



### अबाबील

चिकनी मिट्टी के बने घोंसले,
है इसकी अपनी पहचान।
स्वैलो कहते है इसे अंग्रेजी में,
फुर्तीला पक्षी उड़ता दूर आसमान।।

उड़ते-उड़ते पानी पी लेता,
कितना अद्भुत कमाल।
कीट मकोड़े है इनका भोजन,
तीन साल तक है जीवन काल।।




नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत

# बाल साहित्य सृजन

1

## मसूरी

उत्तराखण्ड का एक नगर,
कहलाये पर्वतों की रानी।
नाम है इसका मसूरी,
यहाँ आते खूब सैलानी।।




हिमालय पर्वत माला का,
ये हिस्सा है खूबसूरत बड़ा।
दिल्ली के पास होने कारण,
आकर्षण का केन्द्र रहा सदा।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



2

## उदयपुर

भारत के राजस्थान राज्य में,
उदयपुर नामक नगर स्थित है।
यह अपनी संस्कृति व आकर्षक,
स्थलों के लिए प्रसिद्ध है॥



उदयपुर शहर पूर्व के वेनिस,
के नाम से जाना जाता है।
भारतीय उपमहाद्वीप पर रूमानी शहर,
के नाम पर पहचाना जाता है॥


शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



3

## जयपुर

जयपुर गुलाबी शहर से प्रसिद्ध,
सभ्यता-संस्कृति इसकी पहचान।
अरावली पर्वतमाला से घिरा,
राजा जयसिंह पर पड़ा ये नाम।।



राजस्थान की ये राजधानी,
जुड़ी है इससे बहुत कहानी।
ऐतिहासिक किले,भव्य महल,
जंतर-मंतर और चौकी घानी।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



4

## काशी

काशी अल्हड़पन, मस्ती का नाम है,
मुंह में पान, जुबां पर गाली आम है।
'मोक्ष की नगरी' कहते हैं इसको,
स्वाद में कचौरी-जलेबी, लंगड़ा आम है।।



मृत्यु भी हो उत्सव जहां,
मणिकर्णिका शमशान है।।
बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक,
बाबा विश्वनाथ का धाम है ।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



07/11/2025 शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1 वाराणसी

गंगा नदी के तट पर बसा पवित्र,
बनारस घाटों का शहर कहलाता है।
काशी और वाराणसी कहकर भी,
बनारस को ही पुकारा जाता है।।




इसमें गलियाँ, मणिकर्णिका घाट,
काशी विश्वनाथ मंदिर प्रसिद्ध हैं।
यह सांस्कृतिक विरासत को समेटे
बनारसी पान के लिए प्रसिद्ध है।।

पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत



## 2 जयपुर

राजस्थान की राजधानी को,
जयपुर नाम से जाना जाता।
गुलाबी शहर के नाम से,
शहर को पहचाना जाता।।



महलों, संग्राहलयों के लिए,
यह विश्व का धरोहर स्थल है।
पारम्परिक हस्तशिल्प के लिए,
जयपुर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है।।

अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर



## 3 कानपुर

गंगा नदी के दक्षिण तट पर,
बसा शहर है कानपुर।
उत्तर प्रदेश के महानगरों की,
श्रेणी में आता है शहर कानपुर।।



मेनचेस्टर ऑफ़ द ईस्ट,
कहलाता है शहर कानपुर।
जे के मंदिर और ब्लू बर्ड पार्क से,
पर्यटकों को भाता है कानपुर।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4 आगरा

यमुना नदी के तट पर बसा,
उत्तरप्रदेश में आगरा शहर।
व्यापारिक, आर्थिक दृष्टि से,
सम्पन्न है आगरा शहर।।



ताजमहल एवं अनेकों इमारते,
कहलाती ऐतिहासिक धरोहर।
हज़ारों पर्यटक आते देखने,
ताजनगरी से प्रसिद्ध है शहर।।

अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत







# बाल साहित्य सृजन

## 1 ऋषिकेश



हिमालय की गोद में,
बसा है ऋषिकेश।
गंगा की निर्मलता से,
सजा है ऋषिकेश।।

राम झूला और लक्ष्मण झूला है,
ऋषिकेश की पहचान।
नीलकण्ठ महादेव की कृपा से,
बढ़ती है ऋषिकेश की शान।।



**रचना**
***रूपी त्रिपाठी( स०अ०)***
***उ०प्रा०वि० लोहारी(1-8)***
***सरवनखेड़ा, कानपुर देहात***

## 2 वृंदावन



वृंदावन की पावन धरती,
मन मोहन मुस्काए।
हर गली में राधा रानी के,
चरणचिन्ह दिख जाए।

मंदिरों की घंटी बोले,
तुलसी बिड़वा महकाए।
हर प्राणी का रोम-रोम बस,
राधे-राधे नाम गुनगुनाए।।



रचना
सुषमा त्रिपाठी स०अ०
कंपोजिट उ०प्रा०वि०खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर

## 3 मथुरा



पवित्र धाम है मथुरा नगरी,
प्राचीन नाम है मधुपुरी।
यमुना तट पर स्थित है,
कृष्ण कन्हाई की नगरी।।

शूरसेन थे पहले राजा,
यादव मधु राजा ने बसाया था।
धर्म, दर्शन, कला का गढ़ है,
सूरदास, मीराबाई ने रचा था।।



रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर

## 4 वाराणसी



भारत का प्राचीन नगर,
मन्दिरों की है नगरी।
काशी विश्वनाथ की प्रसिद्ध,
धर्म स्थली वाराणसी।।

पान व साडियों के लिए,
विश्व प्रसिद्ध है वाराणसी।
है काशी हिंदू विश्वविद्यालय,
सांस्कृतिक धरोहर है काशी।।



रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा०वि०टिकरी मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

# बाल साहित्य सृजन

1

## वाराणसी



बनारस, काशी और वाराणसी,
तीनों नाम से जाना जाता।
काशी विश्वनाथ मन्दिर प्रमुख है,
आध्यात्मिक नगरी कहलाया जाता।।


यहाँ की प्रसिद्ध बनारसी साड़ियाँ,
गंगा घाट, मणिकर्णिका सोपान।
खाने के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन,
जिनमें प्रसिद्ध लस्सी और पान।।

रचना
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, बागपत



2

## उज्जैन



क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित,
बाबा महाकाल की नगरी है।
सिंहस्थ कुम्भ यहाँ पर लगता,
छटा मन्दिरों से निखरी है।।

अवंतिका है नाम पुराना,
विक्रमादित्य की राजधानी है।
प्राचीन बहुत इतिहास है इसका ,
यह खुद ही एक कहानी है।।

रचना
बृजराज सारस्वत (इं०प्र०अ०)
कम्पोजिट वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



3

## ओंकारेश्वर



मध्य प्रदेश के खंडवा में,
है प्रसिद्ध ओंकारेश्वर मन्दिर।
हिन्दुओं की बसती है आस्था,
विराजे हैं इसमें शिव शंकर।।

नर्मदा नदी के तट पर,
12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।
मन्दिर है ओंम के आकार का,
बिना टिकट इसमें प्रवेश है।।

रचना
शालिनी (स०अ०)
प्रा० वि० कूँड
करहल, मैनपुरी



4

## अयोध्या




राम जी की नगरी अयोध्या,
लगती बहुत ही प्यारी है।
सुन्दरता इसकी मनोहर,
इसकी महिमा न्यारी है।।

संकट मोचन हनुमान मन्दिर,
सुन्दर सरयू का घाट है।
सजे हुए सुन्दर बाजार,
जोहते सबकी बाट है।।

रचना
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### अमरनाथ गुफा

हिमालय की चोटियों पर,
अनंतनाग जिले में स्थिति है।
कश्मीर राज्य में हिन्दुओं का,
यह प्रमुख तीर्थ-स्थल है।।



टपकते पानी के जमने से यहाँ,
बर्फ का शिवलिंग बनता है।
चन्द्रमा की कलाओं के साथ,
इसका आकार घटता-बढ़ता है।।


रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 2

### केदार नाथ

भारत के उत्तराखण्ड राज्य में,
केदारनाथ धाम स्थित है।
हिन्दुओं का पवित्र स्थान,
केदारनाथ मन्दिर का शिवलिंग है।।



चार-धाम और पञ्च-केदार में,
बारह-ज्योतिर्लिंग में गिने जाते।
देश-विदेश से भक्त आकर के,
भक्ति का वरदान है पाते।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 3

### बद्रीनाथ धाम

विष्णु देव की तपस्थली,
यह मन्दिर 'बद्रीधाम' है।
उत्तराखण्ड में है स्थिति,
जिला चमोली में यह धाम है।।



दर्शन के हित लोग यहाँ पर,
आते टोली में सुबह-शाम हैं।
चार-धाम में गणना इसकी,
फैला सुयश ललाम है।।

रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



## 4

### शिरडी सांई बाबा

शिरडी वाले साईं बाबा,
सबको यह देते हैं ज्ञान।
कर्म हमारा सबसे ऊपर,
सबका तुम करो सम्मान।।



'सबका मालिक एक' बताते,
गुरुवार को इनके मन्दिर जाते।
निश्छल मन से जो द्वारे आये,
सुख-शान्ति उपहार में पाये।।

रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट





12/11/2025 बुधवार



# बाल साहित्य सृजन

1



## नीमसार

नैमिषारण्य के नाम से,
सीतापुर जिले में स्थित।
देवी सती की पावन भूमि।
ऋषि तपस्थली से प्रचलित।।

सरोवर, विष्णु मंदिर ललिता मंदिर,
यहां की विशेषता को बढ़ाते है।
धार्मिक सद्भावना लिए तीर्थयात्री,
यहां हर साल दर्शन करने आते हैं।।



इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर

2



## द्वारिका

हिंदू तीर्थ यात्राओं का धाम,
कहते हैं जिनको द्वारिका धाम।
कृष्ण भगवान का मंदिर,
गुजरात द्वारका शहर में है स्थित।।

कंस मामा को हराकर,
कृष्णा बस गए वहां जाकर।
दर्शन करने भक्त जाते हैं,
आनंदमय में होकर भजन गाते हैं।।



माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ

3



## लुम्बनि

भगवान बुद्ध की जन्मस्थली,
पवित्र बुद्ध तीर्थस्थल।
लुम्बनी नाम से जाना जाता,
विश्व धरोहर है यह स्थल।।

माया देवी जैसे मंदिर,
लुम्बनी में पाये जाते।
मठ और स्तूप यहां मिलते,
प्रमुख बौद्ध स्थलों में जो आते।।



आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात

4



## रामेश्वरम

शिव की बारह ज्योतिर्लिंग में,
एक है यह बहुत विख्यात।
अद्भुत वास्तुकला से सजा,
हमारे इतिहास में यह प्रख्यात।।

चेन्नई के रामनाथपूरम जिले,
की पर्यटन और शोभा बढ़ाये।
22 पवित्र कुंड में स्नान कर,
तीर्थयात्री शिव दर्शन करने जाए।।



नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत

- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - मिशन शिक्षण संवाद - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -

13/11/2025 गुरुवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

## केरल




केरल है दक्षिण का राज्य,
राजधानी है त्रिवेन्द्रम।
मसाले यहाँ के प्रसिद्ध,
बोली जाती है मलयालम।।

बैक वाटर्स, चाय के बागान,
और दिखते हैं नौका घर।
पुट्ट, अप्पम, मछली करी,
खाते लोग स्वाद लेकर।।




ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत

## 2

## कानपुर

गंगा नदी के तट पर बस यह,
औद्योगिक महानगर कहलाता है।
पौराणिक मान्यताओं के लिए चर्चित,
यह कानपुर नगर से पहचाना जाता है।।




विश्व का जाना माना चमड़ा शहर,
पूर्व का मैनचेस्टर कहलाता है।
राजा सोम के वंशज कान्हावांशी,
के नाम से यह कान्हपुर कहलाता था।।



शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर

## 3

## अजन्ता ऐलोरा

अजंता एलोरा की गुफाएँ,
महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्थित।
बौद्ध, हिन्दू और जैन धर्म से,
है दोनों गुफाएँ संबंधित।।




अजंता की 29 गुफाओं में,
भित्ति चित्र और मूर्तियां है।
एलोरा की 34 गुफाओं में,
स्मारक और कलाकृतियाँ है।।



पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत


## 4

## प्रयागराज




गंगा, जमुना, सरस्वती के
पावन धाम निराले हैं।
चंद्रशेखर की बली भूमि,
संगम वाले मतवाले हैं।।

संगम नगरी, कुंभ नगरी, तंबू नगरी,
कहते इसे तीर्थों का तीर्थराज है।
यूपी उच्च न्यायालय यहां पर,
धरोहर अक्षय वट, आनंद भवन आज है।।



वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर




14/11/2025

# बाल साहित्य सृजन

शुक्रवार



## 1 हरिद्वार




उत्तराखण्ड का नगर हरिद्वार,
पवित्र तीर्थ कहलाता है।
गंगा नदी और घाटों के कारण,
यह ईश्वर का द्वार कहलाता है।।

हरि की पौड़ी,कुम्भ मेला और,
यहाँ हैं मनसा देवी मंदिर।
नील पर्वत, गंगा आरती और,
प्रसिद्ध हैं चंडी देवी मंदिर।।




पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत

## 2 प्रयागराज




गंगा, यमुना, सरस्वती के,
त्रिवेणी संगम पर स्थित है।
एक ऐतिहासिक स्थल,
प्रयागराज सुशोभित है।।

कुम्भ मेले का आयोजन,
यहाँ पर किया जाता है।
धार्मिक अनुष्ठानों के कारण,
तीर्थों का राजा कहा जाता।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

## 3 कालपी




उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में,
स्थित प्रमुख नगर है कालपी,
बुंदेलखण्ड का प्रवेश द्वार,
कहलाता है नगर कालपी।।

महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली,
पावन धाम है नगर कालपी।
84 गुम्बद और लंका मीनार जैसी,
ऐतिहासिक इमारतों की नगरी है कालपी।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4 जयपुर



राजस्थान की राजधानी जयपुर,
जिसका अर्थ है जीत का नगर।
पत्थरो से बने किले, हवेलियाँ,
कहलाता है गुलाबी नगर।।

पर्यटकों को लुभाती कलाकृतियाँ,
सिटी पैलेस, हवामहल, जंतर-मंतर।
पधारो म्हारे देश सा स्वागत,
प्रसिद्ध है गोविंद देवजी मंदिर।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत





# बाल साहित्य सृजन

## 1
## शिमला



शिमला तो है खूबसूरत,
सपनो की रानी।
पहाड़ों की गोद में,
सोई हुई सुन्दर कहानी।।

सफेद बर्फ की चादर ओढ़े,
जब सर्दी आती है।
हर तरफ चाँदी सी चमकती,
धूप भी शरमाती है।।

**रचना**
**रूपी त्रिपाठी( स०अ०)**
**उ०प्रा०वि० लोहारी(1-8)**
**सरवनखेड़ा, कानपुर देहात**



## 2
## कश्मीर



शबनम-सी भीगी वादियाँ,
दिल को सिहराती शाम।
चिनारों की झूमी शाखें,
कहती अपनी आयाम।।

कश्मीर, तू सांसों जैसा,
जग का चिर जीवन-राग।
तेरी पगडंडियों में बसती,
प्रभु का पावन अनुराग।।

रचना
सुषमा त्रिपाठी स०अ०
कंपोजिट उ०प्रा०वि० खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



## 3
## मसूरी



प्रकृति की अपार सुन्दरता लिए,
सबके मन को हर्षित किए।
पहाड़ों की रानी कहते जिसको,
मसूरी नाम से जानते हैं उसको।।

कैम्पटी फाल्स, गन हिल, कैमल्स,
मनमोहक सब हैं दर्शनीय स्थल हैं।
उत्तराखण्ड का प्रिय हिल स्टेशन है,
मौसम बड़ा सुहावना होता है।।

रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



## 4
## ऊटी



तमिलनाडु राज्य के,
नीलगिरी शहर में स्थित।
ऊटी है सबसे प्रसिद्ध,
पर्यटन स्थल में से एक।।

सुन्दर प्राकृतिक दृश्यों,
चाय बागान, रीति रिवाजों।
हरे-भरे जंगलों झरनों,
पहाड़ियों के लिए प्रसिद्ध।।

रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा वि टिकरी मनौटी
खजुहा, फतेहपुर







# बाल साहित्य सृजन

## 1

## जयपुर



राजस्थान की राजधानी,
कहते हैं गुलाबी नगरी।
सवाई जयसिंह ने बसाई,
कहा गया जयपुर नगरी।।

बिरला मन्दिर, हवा महल,
जन्तर-मन्तर भी है यहाँ।
राजस्थानी संस्कृति की सुन्दर,
झलक मिलती है यहाँ।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



## 2

## दार्जिलिंग



पर्वतीय स्थल दार्जिलिंग,
सुन्दरता का अद्भुत नूर।
पश्चिम बंगाल में स्थित है,
प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर।।

चाय के बागान यहाँ,
हिमालय टॉय ट्रेन यहाँ।
टाइगर हिल,जैविक उद्यान
पर्वतमालाओं की अजीब दास्तां।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



## 3

## कन्याकुमारी



कन्याकुमारी शहर है प्यारा,
तीन समुद्र का संगम न्यारा।
भारत के दक्षिण में स्थित,
प्राकृतिक सौंदर्य से सज्जित।।

सूर्योदय-सूर्यास्त देखने,
लाखों लोग यहाँ पर आते।
देख-देख कर छटा निराली,
बस यहीं के होकर रह जाते।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



## 4

## कश्मीर



हरी-भरी इस स्वर्ग सी सुन्दर,
घाटी में हैं कई स्थल।
जामा मस्जिद, हजरतबल,
दरगाह, मुगल गार्डन कई थल।।

परी महल है, अमरनाथ की,
गुफा, बाग है शालीमार।
निशात बाग की छटा अनोखी,
छत्ती पादशाही गुरुद्वार।।

रचना-
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि०- बम्हौरी
मऊरानीपुर, झाँसी



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -

18.11.2025 मंगलवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### सारनाथ

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में,
महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल।
बौद्ध धर्म के अनुयायियों का,
यह एक प्रमुख प्रसिद्ध स्थल।।



महात्मा बुद्ध ने पाँच शिष्यों को,
प्रथम बार यहाँ उपदेश दिया।
पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण,
पुरातत्व स्थल का नाम दिया।।


रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 2

### नगरकोट देवी

कांगडा जिले में ब्रजेश्वरी देवी का,
मन्दिर नगरकोट में स्थित,
शक्तिपीठ है हिन्दुओं का,
कई मान्यताएँ यहाँ प्रचलित।।



नव-दुर्गा में संख्या यहाँ पर,
भक्तों की बढ़ जाती है।
मनौती, माँगें पूरी होतीं,
भण्डारे कर सेवा की जाती है।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 3

### ज्वाला देवी

भारत के 51 शक्ति-पीठ में,
ज्वाला देवी देवालय आता।
हिन्दुओं का प्रमुख स्थान,
शक्ति का प्रतीक माना जाता।।



प्राकृतिक रुप से जलने वाली,
नौ-पवित्र ज्योतियाँ जलती रहतीं।
ज्वालामुखी रुप में माँ ज्वाला,
ज्वलन्त मुख में दर्शन देतीं।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 4

### चिन्तपूर्णी मैया

चिन्ता सदा हरण करती हो,
बाधाओं को तुम दलती हो।
चिन्तपूर्णी देवी मैय्या,
सारे काज सफल करती हो।।



तुम पिण्डी के सरल वेश में,
बसी हिमाचल के प्रदेश में।
जग-तारिणि तुम देवी मैय्या,
कष्ट-निवारिणि देवी मैय्या।।

रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



आपका दिन शुभ हो..

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण.

शिकायत या सुझाव के लिए व्हाट्सएप करें. 94582 78429

संकलन
काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद

· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · **मिशन शिक्षण संवाद** · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·



19/11/2025 | बुधवार



# बाल साहित्य सृजन

## 1

## भानगढ़ किला



राजस्थान मे यह है किला,
कई रहस्यो से भरा किला।
पर्यटको को करता रोमांचित,
अपने रहस्यो से करता अचंभित।।

दिन मे भी डर का एहसास होता,
यहाँ रात मे ठहराव खतरनाक होता।
शाम ढलते ही प्रवेश वर्जित होता,
इसका रहस्य किसी को समझ न आता।।



इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर

## 2

## सोमनाथ मंदिर



सोमनाथ का मंदिर,
है गुजरात में स्थित।
शिव भगवान का मंदिर,
प्रथम है यह ज्योतिर्लिंग।।

चंद्रदेव ने निर्माण किया था,
श्री कृष्ण जी ने देहत्याग किया था,
वैभवशाली यह स्थल है,
दुनिया के लिए तीर्थ स्थल है।।



माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ

## 3

## आमेर का किला



जयपुर का आमेर किला,
ऐतिहासिक किला माना जाता।
शैलियों का मिश्रण यह किला,
भारत की शान कहलाता।।


ऊंची पहाड़ी पर स्थापित,
विश्व धरोहर में यह आता।
गुप्त सुरंगे इसकी शान बढ़ाती।
शीशमहल इसका आकर्षण बढ़ाता,



आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात

## 4

## विवेकानंद रॉक



तमिलनाडु में समुद्र के बीच,
विवेकानंद रॉक है प्रसिद्ध।
मिली इन्हें ज्ञान प्राप्ति और,
ध्यान मग्न हो किया सिद्ध।।

कन्या कुमारी में वास्तुकला,
का सुंदर दृश्य झलकाता।
70फीट ऊंचा गुबंद यह,
राष्ट्र एकजुट आकांक्षा बतलाता।।



नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत

- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - शैक्षिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -

20/11/2025 गुरुवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## मुम्बई



महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई,
भारत का मैनहटन कहलाती।
देश का सबसे बड़ा शेयर बाजार,
समन्दर भी हमको दिखलाती।।


अनगिनत सपनों की नगरी,
सिनेमा जगत से जगमगाती।
5 प्रतिशत सकल उत्पादन कर,
औद्योगिक राजधानी कहलाती।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



2

## शिमला



हिमाचल प्रदेश की राजधानी,
जिसे शिमला नाम से जाना जाता है।
ब्रिटिश राज की ग्रीष्मकालीन राजधानी को
"पहाड़ों की रानी" भी कहा जाता है॥


देवी श्यामला के नाम पर शिमला को,
श्यामला नाम से जाना जाता था।
देवी शामला के मंदिर को अब,
कालीबाड़ी मंदिर के नाम से जाना जाता है॥

शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



3

## चेरापूँजी



सबसे अधिक जहाँ वर्षा होती,
चेरापूंजी है वह स्थान।
भारत का सबसे नम स्थल,
झरने-वादियाँ इसकी पहचान।।

आधिकारिक नाम है सोहरा,
है हरियाली इसका आकर्षण।
बेहद वर्षा पर पानी की समस्या,
नहीं है क्योंकि जल संरक्षण।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



4


## कश्मीर



भारत के उत्तर में,
सिरमौर हिमालय खड़ा है।
स्वर्ग से सुंदर घाटी इसकी,
कश्मीर का नाम बड़ा है।।

केसर की वादी कहते इसको,
पशमीना व सेब हैं उद्योग यहां के।
नाव पर यहां बाजार है सजते,
पावन अमरनाथ धाम है यहां पे।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



आपका दिन शुभ हो..

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण.
शिकायत या सुझाव के लिए व्हाट्सएप करें. 94582 78429

संकलन
काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद

- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



21/11/2025

# बाल साहित्य सृजन

शुक्रवार



## 1 गोवा

बागा, पालोलेम, अगोड़ा, कैंडोलम,
और अन्य बीच हैं गोवा की शान।
दूध सागर झरने,डोना पाउला और
मसाला बागान हैं गोवा की जान।।



खूबसूरत चर्च और किले भी,
बढ़ा रहे हैं गोवा का मान।
कला और भारतीय संस्कृति का,
प्रमुख केंद्र है गोवा की पहचान।।


पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत




## 2 फतेहपुर

गंगा-यमुना नदियों के बीच,
एक सुन्दर शहर बसा है।
ऐतिहासिक विरासत के बीच,
दोआबा में फतेहपुर बसा है।।



52 इमली शहीद स्मारक,
इस शहर का गौरव है।
मुगल वास्तुकला की इमारतें,
इस शहर की पहचान हैं।


अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर





## 3 लखनऊ

नवाबों के शहर नाम से,
जाना जाता है शहर लखनऊ।
उत्तर प्रदेश की राजधानी,
कहलाता है शहर लखनऊ।।



गोमती नदी के किनारे पर,
बसा है शहर लखनऊ।
पर्यटकों को खूब लुभाता,
है प्राचीन शहर लखनऊ।।


मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4 दिल्ली

देश की राजधानी है दिल्ली,
पर्यटन स्थलों की है खान।
कुतुबमीनार, लालकिला आदि,
देश की बढ़ाते हैं शान।।




बच्चों को भाता चिड़ियाघर,
जीव-जंतुओं का है घर-सँसार।
वास्तुकला और कलाकृतियों से,
सजे रहते है हरदम बाजार।।


अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत






22.11.2025

शनिवार



# बाल साहित्य सृजन

1

## खजुराहो



खजुराहो की मिट्टी में,
बसी है चन्देलों की गाथा।
कारीगरों ने प्रेम की भाषा में,
पत्थरों को था तराशा।।

कंदारिया महादेव का,
शिवलिंग जागाता है चेतना।
खजुराहो में पत्थर की ही नहीं,
आत्मा की भी है रचना।।

रचना
रूपी त्रिपाठी( स०अ०)
उ०प्रा०वि० लोहारी(1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



2

## गोवा



सुनहरी धूप,समुद्र का किनारा,
गोवा की रेत पर चमकता नजारा।
स्वप्न सा घर सजे नारियल की छांव तले,
सुरमई शाम ढले गोवा के हर बीच तले।।

पुराने किले की प्राचीर दिवाल से लड़कर,
समुद्री धाराएं टकराकर वापस आ जाती।
यहां हर लहर कहती जिंदगी भरपूर जियो,
और सवेरा ये कहे रोज नए सपने बुनो।।

रचना
सुषमा त्रिपाठी स०अ०
कंपोजिट उ०प्रा०वि० खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



3

## लद्दाख



भारत के मानचित्र पर,
सबसे बड़ा है राज्य।
उत्तर-पश्चिम में स्थित है,
केन्द्र शासित है राज्य।।

राजधानी लेह है इसकी,
कठोर शुष्क जलवायु है जिसकी।
तिब्बती संस्कृति है यहाँ की,
हिन्दी,लद्दाखी भाषा यहाँ की।।

रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



4

## मुम्बई



सपनों की नगरी मुम्बई,
फिल्म नगरी है मुम्बई।
महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई,
भारत का बड़ा शहर मुंबई।।

भारत का न्यूयार्क मुम्बई,
औद्योगिक नगरी है मुम्बई।
भारत का मैनहटन मुम्बई,
सामुद्रिक बंदरगाह है मुम्बई।।

रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा वि टिकरी मनौटी
खजुहा, फतेहपुर





24/11/2025

# बाल साहित्य सृजन

सोमवार



**1**

## मनाली

शहर मनाली में रहते थे,
मनु उनका स्थान निवास।
देवों की घाटी, अति सुन्दर,
मनु मन्दिर प्राचीन है खास।।




सप्तर्षियों का घर है प्राकृतिक,
बेर, सेब अति देते वृक्ष।
और नाशपाती भी होती,
है पर्यटन स्थल, नर दक्ष।

रचना-
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि०- बम्हौरी
मऊरानीपुर, झाँसी



**2**

## ऊटी

तमिलनाडु की नीलगिरि पहाड़ियों में,
सुन्दर पर्वतीय स्थल है ऊटी।
उदगमंडलम नाम दूसरा,
है पहाड़ों की रानी ऊटी।।



ठण्डी व सुखद जलवायु,
सुन्दर पहाड़ी और घाटी है।
मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान,
ऊटी झील पायी जाती है।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



**3**

## केरल

भारत का प्रसिद्ध राज्य
तिरुवनंतपुरम जिसकी राजधानी।
मलयालम यहाँ की प्रमुख भाषा,
कहते मसालो की इसको रानी।।



यहाँ की सुन्दरता मनमोहक,
खूबसूरत है समुद्र किनारा।
नारियल के हैं असंख्य वृक्ष,
हरियाली का खूबसूरत नजारा।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



**4**

## गोवा

भारत का सबसे छोटा राज्य,
चहुँ ओर समुद्र का साम्राज्य।
बड़े-बड़े हैं बीच यहाँ पर,
कोई ऊँच ना नीच यहाँ पर।



काजू और फैनी प्रसिद्ध हैं,
कुछ मन्दिर भी सिद्ध हैं।
पर्यटक खूब यहाँ पर आते,
मिल कर अपना मन बहलाते।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा





25.11.2025

# बाल साहित्य सृजन

मंगलवार



## 1 धर्मशाला



चित्र तिब्बत की पावन,
संस्कृति का दिखाने वाला।
आकर्षक पर्यटन-केन्द्र का,
नाम है धर्मशाला।।

पालमपुर या धर्म-कोट है,
यहाँ पहाड़ी भाग।
आने वाले सभी पर्यटक,
रखते हैं अनुराग।।

रचना-
प्रवीणा दीक्षित (स०अ०)
के०जी०बी०- नगर क्षेत्र
नगरक्षेत्र, कासगंज



## 2 स्वर्ण मन्दिर



सिखों का पूजा-स्थल है,
गुरु-ग्रन्थ साहिब स्थापित।
चार द्वार मढ़े सोने से,
पवित्र सरोवर आध्यात्मिक।।

सिख-संग्रहालय, गुरुओं के चित्र,
सेवा, बलिदान सिखाते हैं।
पर्यटक जो माथा टेकने जाते,
सर ढ़कते, प्रसाद पाते हैं।।

रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 3 कैंची धाम



नैनीताल, अल्मोड़ा मार्ग के,
सड़क के तीखे मोड़ पर है।
बाबा नीम-करौली का यहाँ,
महासमाधि-स्थल है।।

प्रमुख आध्यात्मिक-केन्द्र,
बाबा का है तपोस्थल।
अस्थि-कलश यहाँ स्थापित,
बाबा को भक्त उड़ाते कम्बल।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 4 नैना देवी



देवी सती के नेत्र यहाँ गिरे,
कहलाया नैना देवी मन्दिर।
1000 मीटर की ऊँचाई पर,
माता रानी का यह मन्दिर।।

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में,
नैना देवी मन्दिर है स्थित।
शिवालिक की ऊँची पहाड़ियों पर,
माता रानी हैं विराजित।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा, मथुरा



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### भानगढ़ किला

राजस्थान मे यह है किला,
कई रहस्यो से भरा किला।
पर्यटको को करता रोमांचित,
अपने रहस्यो से करता अचंभित।।

दिन मे भी डर का एहसास होता,
यहाँ रात मे ठहराव खतरनाक होता।
शाम ढलते ही प्रवेश वर्जित होता,
इसका रहस्य किसी को समझ न आता।।

इला सिंह(स.अ)
कम्पोजिट विद्यालय पनेरूवा
अमौली फतेहपुर



## 2

### सोमनाथ मंदिर

सोमनाथ का मंदिर,
है गुजरात में स्थित।
शिव भगवान का मंदिर,
प्रथम है यह ज्योतिर्लिंग।।


चंद्रदेव ने निर्माण किया था,
श्री कृष्ण जी ने देहत्याग किया था,
वैभवशाली यह स्थल है,
दुनिया के लिए तीर्थ स्थल है।।

माला सिंह(स०अ०)उच्च
प्रा०वि०-भरौटा(1-8)
ब्लॉक-सरधना
जनपद-मेरठ



## 3

### सोमनाथ



प्राचीन सोमनाथ शिव मंदिर,
अदम्य भावना का प्रतीक है।
त्रिवेणी संगम पर स्थित यह मंदिर,
अत्यंत पवित्र स्थल है।।


जटिल नक्काशी वाली दीवारें,
इस मंदिर में पायी जाती।
वास्तुकला शैली मारू गुज्जर,
इस धार्मिक स्थल में दिखती।।

आरती यादव(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय रनियां -1
सरवनखेड़ा कानपुर देहात



## 4

### सारनाथ



जहां भगवान बुद्ध ने अपना,
पहला उपदेश जन को दिया।
सारनाथ है वह बौद्ध स्थली,
यहां बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ।।

स्तूप मंदिर की अनोखी विशेषता,
देखने आते यहां पर्यटक दूर।
वाराणसी के उत्तर प्रदेश में बसा,
सारनाथ है हमारे देश में मशहूर।।

नीलम भास्कर (स०अ०)
पी एम श्री उ०प्रा०वि०सिसाना
बागपत, बागपत





27/11/2025 **गुरुवार**



# बाल साहित्य सृजन

**1**

## दिल्ली



दिल्ली है देश का दिल,
भारत की राजधानी है।
कुतुबमीनार, लालकिला,
और यमुना का पानी है।।

महाभारत का इन्द्रप्रस्थ है,
1911 से ये राजधानी है।
ऐतिहासिक और भौगोलिक,
इससे जुड़ी कई कहानी हैं।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



**2**

## लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजधानी,
कही जाती है लखनऊ को।
अपनी खास तहजीब के लिए,
पहचाना जाता है लखनऊ को।।

नवाबों की नगरी नाम से,
पुकारा जाता है लखनऊ को।
ऐतिहासिक काल में लक्ष्मणपुर के,
नाम से पहचाना जाता था लखनऊ को।।

शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



**3**

## नैनीताल



झीलों का शहर है नैनीताल,
जिसमें है बहुत मनोरम ताल।
उत्तराखंड राज्य में बसा है,
प्राकृतिक सौंदर्य इसकी ढाल।।

नैना देवी मंदिर, मॉल रोड़,
नैनी झील है प्रमुख स्थान।
चिड़ियाघर, स्नो व्यू पॉइंट,
पहाड़ी व्यंजन है पहचान।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



**4**

## जगन्नाथ पुरी



चार धामों में से एक धाम,
जहां मन्नत होती सबकी पूरी।
उड़ीसा राज्य में स्थित मंदिर,
कृष्ण को समर्पित जगन्नाथ पुरी।।

विश्व प्रसिद्ध है रथ यात्रा यहां का,
रथ सजाते बलभद्र, सुभद्रा व जगन्नाथ का।
शंकराचार्य, गुरु नानक देव ने यहां यात्रा की,
विश्व पटेल पे पर्यटन को यात्रा आकर्षित की।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर






28/11/2025



शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1 गोवा




इतिहास और संस्कृति की जान,
स्वर्ण मंदिर है अमृतसर की शान।
अकाल तख्त, दुर्गियाना मंदिर एवं,
जालियांवाला बाग है इसकी पहचान।।

विभाजन संग्रहालय भी है खास,
गोबिंदगढ़ किला भी है इतिहास।
भारत व पाकिस्तान के बीच एक,
सीमा चौक,बाघा बार्डर भी है पास।।

पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत



## 2 उन्नाव




उत्तरप्रदेश में उन्नाव शहर,
ऐतिहासिकता का प्रतीक है।
महर्षि वाल्मीकि आश्रम का,
इतिहास यहाँ से परिचित है।।

चमड़ा, हैण्डलूम, जरदोजी के,
उद्योगों का प्रमुख केन्द्र है।
जानकी कुण्ड, लोधेश्वर मन्दिर,
यहाँ के प्रमुख धार्मिक स्थान हैं।।

अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर



## 3 वाराणसी



गंगा नदी के तट पर स्थित,
प्राचीन शहर है वाराणसी।
मंदिर और घाटों की नगरी,
कहलाता है शहर वाराणसी।।

हिंदू धर्म का पवित्र तीर्थ स्थल,
भी माना जाता है शहर वाराणसी।
पर्यटकों को खूब लुभाता है,
प्राचीन शहर वाराणसी।।

मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



## 4 बागपत




बागपत है हरियाली धरती,
गौरवशाली इतिहास है पहचान।
लाक्षागृह ऐतिहासिक स्थल,
पुरामहादेव महान तीर्थ स्थान।।

कल-कल बहती यमुना धारा,
कला, संस्कृति यहाँ की शान।
गन्ना, गेहूँ के खेत लहलहाते,
खेतो मे श्रम करता किसान।।

अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत



मिशन शिक्षण संवाद
· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · मिशन शिक्षण संवाद · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·
29.11.2025 शनिवार





# बाल साहित्य सृजन

## 1

## उज्जैन



महाकाल के घण्टे गूँजते हैं,
उज्जैन में गली गली।
समय भी थम जाता है जैसे,
उज्जैन की हवा में कहीं।।

महाकाल की ज्योति से,
जगमगाता रहे ये नगर।
क्षिप्रा की लहरों में गूँजता है,
कालभैरव का स्वर।।



**रचना**
**रूपी त्रिपाठी( स०अ०)**
**उ०प्रा०वि० लोहारी(1-8)**
**सरवनखेड़ा, कानपुर देहात**

## 2

## साँची



अशोक की युद्धाग्नि,
अग्नि सी धधकती थी।
बुद्ध की वाणी यहां ही,
करुणा सी बरसती थी।।

इसके तोरण द्वार भी,
इतिहास को बताते हैं।
धम्म चक्र की गति भी,
जीवन राग सुनाते हैं।।



रचना
सुषमा त्रिपाठी स०अ०
कंपोजिट उ०प्रा०वि० खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर

## 3

## अमरकंटक



मध्यप्रदेश राज्य के,
अनूपपुर जिले में स्थित है।
मैकल पर्वत की श्रृंखला में,
धार्मिक स्थल स्थित है।।

विंध्याचल, सतपुड़ा पर्वत,
को आपस में मिलाता हैं।
नर्मदा और सोन नदी का,
यह उद्गमस्थल कहलाता है।।



रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर

## 4

## पचमढ़ी



मध्य प्रदेश में होशंगाबाद में,
सुन्दर पहाड़ी पर्यटक स्थल।
कहलाती है सतपुड़ा की रानी,
अप्रतिम प्राकृतिक सुंदरता में।।

पांडव अज्ञातवास पंचमढ़ी में,
प्राकृतिक झरने झीलें जंगल।
यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व,
मनोरम आनंद है पंचमढ़ी में।।



रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा वि टिकरी मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

## रचनाकारों की सूची

1- बृजराज सारस्वत, मथुरा
2- भावना शर्मा, मेरठ
3- जुगल किशोर, झाँसी
4- सीमा शर्मा, बागपत
5- नैमिष शर्मा, मथुरा
6- उमा ठाकुर, मथुरा
7- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
8- प्रवीणा दीक्षित, कासगंज
9- आरती यादव, कानपुर देहात
10- इला सिंह, फतेहपुर
11- नीलम भास्कर, बागपत
12- माला सिंह, मेरठ
13- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
14- वन्दना यादव, जौनपुर
15- शिप्रा सिंह, फतेहपुर
16- ज्योति सागर, बागपत
17- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
18- अमित गोयल, बागपत
19- अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
20- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
21- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
22- सुमन पाण्डेय, फतेहपुर
23- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
24- रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात

**तकनीकी सहयोग**

1- नैमिष शर्मा, मथुरा
2- जितेन्द्र कुमार, बागपत

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**

**संकलन :- काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम**